आकाशवाणी श्री विजयपुरम

04.02.2025 समय : 1850

- आज विश्व कैंसर दिवस है–इस वर्ष का थीम है 'यूनाइटेड बाय यूनिक'।
- प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भाग लेने के लिए द्वीपसमूह से छोटा नागपुरी समुदाय के तीर्थयात्री रवाना ।
- द्वीपसमूह में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात उल्लंघनों को कम करने के लिए जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया ।
- श्री विजयपुरम में शिल्पकारों के लिए 'पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन।

<><><><><><><>

आज विश्व कैंसर दिवस है। कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए चार फरवरी को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है 'यूनाइटेड बाय यूनिक'। नई दिल्ली स्थित एम्स के ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. एम. डी. रे ने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य की नियमित रूप से जांच करवाते रहना चाहिए और कैंसर से बचाव के लिए एहतियाती कदम उठाने चाहिए।

श्री विजयपुरम के जी बी पंत अस्पताल के मेडिसन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ0 बिबिन जॉर्ज ने आकाशवाणी से बातचीत में कैंसर के लक्षणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समय पर रोग का पता लगने से इसका इलाज संभव है।

<><><><><><><>

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भाग लेने के लिए द्वीपसमूह से छोटा नागपुरी रांची समुदाय के अट्ठाईस तीर्थयात्रियों का एक प्रतिनिधि दल रवाना हो गया है। महाकुंभ में भाग लेने की व्यवस्था अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा की जा रही है। वनवासी कल्याण आश्रम के मीडिया प्रभारी राम कुमार सिंह ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि छः से दस फरवरी तक रांची समुदाय के तीर्थयात्री महाकुंभ का हिस्सा बनेंगे।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स दो हजार पच्चीस, लाइव प्रसारण में गलत सूचनाओं से निपटने के लिए, एआई–संचालित समाधान पेश करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि ट्रूथ टेल हैकाथॉन चैलेंज प्रथम वेव्स सम्मेलन का हिस्सा है। यह लाइव प्रसारण में गलत जानकारी से निपटने के लिए एआई–संचालित समाधान विकसित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहल है। इस हैकाथॉन में दस लाख रूपये का पुरस्कार रखा गया है। इसमें डेवलपर्स, डेटा वैज्ञानिक और मीडिया पेशेवर गलत सूचना का पता लगाने और तथ्य सत्यापन के लिए एआई–संचालित उपकरण बनाने पर काम करेंगे। इसका आयोजन इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात उल्लंघनों को कम करने के लिए जागरूकता कार्यकम चलाया गया। सड़क सुरक्षा माह और पुलिस स्थापना सप्ताह के उपलक्ष्य में यातायात पुलिस ने पूरे शहर में जाँच अभियान चलाया। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ एक हजार पांच सौ तैंतीस चालान जारी किए गए और कुल नौ लाख छियासी हजार

सात सौ रुपये का जुर्माना वसूला गया। खतरनाक तरीके से ड्राइविंग करने वाले बारह वाहनों को जब्त किया गया। शराब पीकर वाहन चलाने के लिए एक सौ बत्तीस चालकों पर मामला दर्ज किया गया। युवा नागरिकों में जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए, शहर के विभिन्न स्कूलों में पांच सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान जीबी पंत अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। सार्वजनिक परिवहन चालकों और यात्रियों के लिए बस, ऑटो और टैक्सी स्टैंड पर विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के लॉ कॉलेज और स्टोर डिवीजन के सामने आरसीसी बॉक्स कलवर्ट का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस कारण कल से इक्कीस मार्च तक और बाईस मार्च से छः मई तक सड़क के आधे हिस्से पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

<><><><><><>

बम्बूफ्लाट के अंधा बेड़ा क्षेत्र में खंभा स्थापित किए जाने के कारण कल बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े नौ बजे तक की जाएगी। प्रभावित क्षेत्रों में बम्बूफ्लाट से विम्बर्लीगंज, मथुरा, बृंदावन, फरारगंज से जिरकाटांग, स्टीवर्टगंज और कन्यापुरम शामिल हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित विकास एवं सुविधा कार्यालय की एम एस एम ई शाखा की ओर से शिल्पकारों के लिए 'पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना के अट्ठारह ट्रेडों के पचास से अधिक संभावित पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत संभावित लाभार्थियों की पहुंच और नामांकन को बढ़ाना है। इस अवसर पर एम एस एम ई शाखा के सहायक निदेशक जी.के. सिन्हा ने एम एस एम ई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक पी.के. उमर फारूक ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत बैंकों से ऋण प्राप्त करने के दस्तावेज और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शारीरिक प्रशिक्षक इंस्ट्रक्टर के पद के लिए अंतिम सूची जारी कर दी गई है। इसके अलावा उम्मीदवारों की चयन सूची और प्रतीक्षा सूची भी प्रशासन के भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत हाल ही में टेलराबाद में राजस्व अधिकारियों की टीम ने अवैध अतिक्रमण को हटाकर कुल तीन सौ वर्ग मीटर क्षेत्र सरकारी भूमि को मुक्त कराया। इसके अलावा एक किरायेदार ने बिना अनुमति सरकारी राजस्व भूमि पर एक कच्ची सड़क का निर्माण किया था, जिस पर रोक लगा दी गई है। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने लोगों को सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करने को कहा है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से कल "स्पॉन्डिलाइटिस – कारण एवं उपचार" विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुप्रिया आरंगी विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगी। कार्यक्रम कल शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

गाराचरमा के श्री धनदायुथपानी मंदिर में छत्तीसवां थाईपूसम महोत्सव मनाया जा रहा है। ग्यारह फरवरी को शाम चार बजे फायर वॉकिंग का आयोजन किया जाएगा। दो से ग्यारह फरवरी तक चलने वाले महोत्सव में अन्नदानम की व्यवस्था भी की गई है।

<><><><><><><>